# इंफोसिस राज्य में कर सकती है बड़ा निवेश, बेंगलुरु में बड़े निवेशकों संग इन्वेस्ट यूपी ने की बैठक

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ: लखनऊ में स्थापित होने वाली एआइ सिटी और औद्योगिक पार्कों में निवेश के लिए राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने बेंगलुरु की निवेशक कंपनियों के साथ संपर्क साधना शुरू कर दिया है। मंगलवार को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आइआइडीसी) दीपक कुमार की अध्यक्षता में राज्य के प्रतिनिधिमंडल ने बेंगलुरु में इंफोसिस लिमिटेड के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी मोहनदास पई और एम्बेसी समूह के अधिकारियों के साथ बैठक कर निवेश को लेकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इंफोसिस के अधिकारियों ने लखनऊ में स्थापित हो रही एआइ सिटी में निवेश में रुचि दिखाई है।

प्रतिनिधिमंडल ने बेंगलुरु में कई अन्य निवेशकों के साथ बैठक कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), इनफारमेशन टेक्नालाजी (आइटी), औद्योगिक पार्कों और वैश्विक क्षमता केंद्रों में निवेश की संभावनाएं भी तलाशी। प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक क्षेत्रों के लिए नवाचार, अनुसंधान व कौशल विकास पर भी चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने राज्य के छोटे शहरों में स्थापित किए जा रहे वैश्विक क्षमता केंद्रों में निवेश पर दी जा रही छूट की भी जानकारी निवेशकों को दी।